आईनॉक्स विंड का आईपीओ 18 मार्च को

■ मूल्य सीमा 315 रुपये से 325 रुपये के बीच निर्धारित

मुंबई (संवाददाता)। गुजरात फ्लूरोकैमिकल्स लिमिटेड की सहयोगी आईनॉक्स विंड लिमिटेड का अपने 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का सार्वजनिक निर्गम इसी महीने 18 मार्च को खोलेगा। इसके प्रति इक्विटी शेयर की मूल्य सीमा 315 रुपये से 325 रुपये के बीच रखी गई है। कंपनी ने योग्य कर्मचारियों व रिटेल इंवेस्टर्स (रिटेल डिस्काउंट) को निर्गम मूल्य पर 15 रुपये की छूट देने का फैसला किया है। यह सार्वजनिक निर्गम 20 मार्च को बंद होगा। इक्विटी शेयर्स को बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध किये जाने का प्रस्ताव है।

आईनॉक्स विंड लिमिटेड के एमडी विवेक जैन तथा निदेशकद्वय दीपक आशेर और दीभान्स जैन आईपीओ की घोषणा करते हुए। छाया : दुलाल देबनाथ।